
# डीजीपी साहू ने जवानों का जाना दर्द, पुलिस लाइन में किया संवाद

## अधिकारियों को दिए दिशा निर्देशद्ध, साहू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**अजमेर ।** राज्य के पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस लाइन में जवानों से संवाद करते हुए उनका दर्द जाना। मालूम हो कि गत दिनों 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पुलिस जवानों ने होली समारोह के आयोजन का बहिष्कार किया था। अजमेर पहुंचने पर पुलिस लाइन में डीजीपी साहू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मीडिया से संवाद करते हुए डीजीपी साहू ने बताया कि उनका अजमेर दौरा राजस्थान लोक सेवा आयोग में प्रमोशन से संबंधित बैठक के लिए था। उन्होंने पुलिस लाइन में जवानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जाना है, उन्होंने कहा कि होली एक महत्वपूर्ण त्योहार है और उस दिन पुलिस जवानों ने बहिष्कार कर होली नहीं मनाई।




डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने पुलिस अधिकारियों से संवाद किया।

विरोध के कारणों को समझने के लिए जवानों से संवाद कर उनके दर्द को जाना है, उन्होंने कहा कि घर में बैठकर समस्याओं पर चर्चा करना मेरी जिम्मेदारी है। जवानों से पूछा गया कि उन्होंने विरोध का यह तरीका क्यों अपनाया और क्या कोई अन्य तरीका हो सकता था, उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्थाओं में हर मांग को तुरंत पूरा कर पाना संभव नहीं है। कुछ मांगें पूरी हो जाती हैं, तो कुछ रह जाती हैं, लेकिन समाधान की प्रक्रिया जारी रहती है। सरकार से जवानों की मांगों को लेकर बातचीत चल रही है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस विभाग के कांस्टेबल से लेकर अधिकारियों तक यदि कोई समस्या है और कोई पुलिसकर्मी खुद को पीडित् या उपेक्षित महसूस करता है तो उनकी जिम्मेदारी है कि वे उनसे संवाद करें और समाधान निकालें।

> ■ जवानों से पूछा गया कि उन्होंने विरोध का यह तरीका क्यों अपनाया और क्या कोई अन्य तरीका हो सकता था, उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्थाओं में हर मांग को पूरा कर पाना संभव नहीं है

## डॉ समिति शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**मेड़ता सिटी ।** नागौर जिला गौशाला संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर में शासन सचिव डॉ. समिति शर्मा से मुलाकात कर अनुदान के लिए ज्ञापन सोम्पा जानकारी देते हुए संघ अध्यक्ष रामजीवण डांगा ने बताया कि नागौर जिले कि चालीस गौ शालाओं का एक साल का अप्रेल माई जून 2024 से बकाया चल रहा था जों मिल नहीं रहा था इस मांग को लेकर में रामजीवण डांगा जिलाध्यक्ष नागौर जिला गौ शाला संघ अध्यक्ष, अमराराम लामरोड रिया बड़ी अध्यक्ष, छोटाराम वैष्णव सचिव रिंया ब्लॉक, घेवर राम खदाव डांगावास, सहित पदाधिकारी पशुपालन विभाग व शाशन सचिव डॉ समिति शर्मा से मिले ओर अनुदान कि मांग का ज्ञापन सोम्पा जिस पर कारवाही करते हुए शर्मा ने गोपालन विभाग के डायरेक्टर से बात कर के अतिशीठाह अनुदान दिलवाने कि बात कही डायरेक्टर ने मोके पर ही सात करोड़ चवालिस लाख तरपन हजार आठ सो रूपये पशुपालन विभाग नागौर के बजट के लिए ट्रेजरी में भिजवादिए सभी गौशालाओ कि ओर से डॉ शर्मा का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया. सभी जिलेभर से ग्रामीणों ने. डॉ समिति शर्मा कि प्रशंसा कि ज्ञात रहे शर्मा पूर्व में नागौर जिले के कलक्टर रह चुके है ।

## कलश यात्रा शुरू

**अजमेर ।** काली माता मंदिर के पास अजयपुर लश्कर ग्वालियर (यूपी) में परीक्षित जगदीश चंदवरिया वालों की ओर से सात दिवसीय संगीतय श्रीमद्भागवत कथा व ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। वृंदावन धाम के कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री ने अपने मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। काली माता मंदिर स्थित अजयपुर लश्कर में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पहले दिन कथा वाचक पंडित बृजमोहन शास्त्री ने श्रमीद्भागवत महापुराण कथा महात्म्य का महत्व श्रद्धालुओं को समझाया। उन्होंने सत्य, धर्म और भागवत के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के दैहिक और भौतिक तापों की नष्टकारिणीं और जीवन में ज्ञानमंगल सुख प्रदान करने वाली कथा ही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा है। भागवत कथा दैविक पुण्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है जिसके चलते मानवता का प्रतिपादन करते हुए मानव जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने गणेश महिमा सहित कथा श्रवण से होने वाले लाभ के बारे में श्रद्धालुओं को समझाया।


### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सुनील वर्मा से बदलकर सुनील सोनी रख लिया है अतः भविष्य में सभी आवश्यक कार्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

पता : सुनील सोनी
वीणा विहार, कॉलोनी, माली मोहल्ला,
फायसागर रोड, अजमेर।

### NAME CHANGE

I Pooja Sidheshwar Gavane Wife of Army No 18016260K, NK, Gavane Sidheshwar Kadu, Residing Village/ Po - Katepimpalgaon, Teh- Gangapur, Dist - Aurangabad,Maharashtra, 423701 Have changed my name From Gavane Pooja Sidheshwar to Pooja Sidheshwar Gavane Vide affidavit no BW941418 Dt 17/03/2025 before court Campus Nasirabad

### आम सूचना

मेरी बहन राधा पुत्र पोखरनाथ जाति जोगी निवासी गुजरवाडा की मृत्यु दिनांक 10.8.1998 को मेरे निवास स्थान गुजरवाड़ा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत झीरोता में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी बहन राधा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृतयु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी : शंकरनाथ पुत्र पोखरनाथ जाति जोगी निवासी गुजरवाडा तह. अरांई (अजमेर)


## चुनाव अधिकारी लगाने की गुहार

बोरावड । राजस्थान राजस्व लेखा संघ के प्रदेशाध्यक्ष बोरावड निवासी बंकटलाल जांगिड ने संगठन के पन्द्रहवें अधिवेशन के संयोजक मोहनलाल मीणा को ज्ञापन देकर अधिवेशन कार्यक्रम में दूसरे दिन प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव विधिवत करवाए जाने तथा इसके लिए दो स्वतंत्र चुनाव अधिकारी नियुक्त किये जाने की गुहार की है। जांगिड़ ने ज्ञापन के माध्यम से संघ के प्रदेश संयोजक को अवगत कराया कि राजस्थान राजस्व लेखा सेवा संघ की प्रदेश कार्यकारणी की विशेष मींटिग होटल गणगौर, जयपुर में आयोजित की गयी, जिसमें आगामी अधिवेशन आयोजन की अनुमति जिला संघ इकाई जयपुर को देते हुए संयोजक नियुक्त किया गया है। इस मीटिंग में अधिवेशन आयोजन की तारीख 5 व 6 अप्रैल, 2025 निर्धारित की गयी थी एवं अधिवेशन आयोजन की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार कर समय-समय पर संवर्ग साथियों को अवगत करवाया जाना था। संघ के प्रदेशाध्यक्ष बोरावड़ निवासी आईआरए बंकटलाल जांगिड़ ने बताया कि प्रासंगिक पत्र से अधिवेशन आयोजन समिति जयपुर के निर्णय अनुसार उपरोक्त तिथि में संशोधन कर दिनांक 3 व 4 मई, 2025 को अधिवेशन आयोजन की संशोधित तिथि की अनुमति चाही गयी।

> ■ अधिवेशन आयोजन की तरीख 5 व 6 अप्रैल, 2025 निर्धारित की

## मनीष थापा के निधन पर शोक

अजमेर । नाका मदार पावर हाउस के पास रहने वाले मनीष थापा का सोमवार देर शाम अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया है।

थापा के निधन के समाचार जानकार मीडिया कार्मिकों में शोक व्याप्त हो गया। मनीष थाना वर्तमान में दैनिक राष्ट्रदूत सहित अन्य समाचार पत्रों में कार्य कर रहे थे। मनीष थापा की अंतिम शव यात्रा उनके पैतृक निवास स्थान मान पैलेस के पीछे गली नम्बर दो से मंगलवार सुबह मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई। जानकारी के अनुसार जब थापा कार्य कर रहे थे तब अचानक गिर पड़े । परिजनो ने उनको जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया । थापा के अस्पताल में पहुंचने का समाचार जानकार उनके जनदीकी व साथी अस्पताल पहुंचे।

## पदोन्नति की मांग, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मकराना**(निस) ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की गत 05 वर्षो से लंबित पदोन्नितयां करवाने एवं लगभग 500 ग्राम विकास अधिकारियों के बंद लिफाफा तथा डेफर प्रकरणों के निस्तारण को लेकर ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष भेंरूराम गोदारा के नैतृत्व में पंचायती राज मंत्री व शासन सचिव के नाम पंचायत समिति मकराना के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोदारा के साथ मकराना ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार तेजस्वी, ब्लॉक मंत्री शिवदयाल, नरेश जोरवाल सहित अन्य ठाम विकास अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि मुख्यमंत्री तथा पंचायती राज मंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्मिक कल्याण है, जिसमें समयबद्ध पदोन्नितियां भी सम्मिलित है। इन भावनाओं के विपरीत ठाम विकास अधिकारी संवर्ग के प्रथम पदोन्नित पद सहायक विकास अधिकारी पद पर होने वाली पदोन्नितयां गत 05 वर्षो से लंबित है। इसके अतिरिक्त लगभग 500 ठाम विकास अधिकारियों के डेफर एवं बंद लिफाफा प्रकरण भी लंबित है। कुछ ठाम विकास अधिकारियों के बंद लिफाफा एवं डेफर प्रकरण तो वर्ष 2003 से ही लंबित है। इसके साथ ही कार्मिक विभाग से जारी निर्देशों की पालना में तीन संतान से प्रभावित कार्मिकों को भी पदोन्नित प्रकरणों में शिथिलता प्रदान करते हुए उनकी पदोन्नित भी प्रथम पदोन्नित वर्ष में करने के लिए रिव्यू डीपीसी भी की जानी है, मगर पंचायती राज विभाग की ओर से यह पदोन्नितयां नहीं की जा रही है। उन्होंने ज्ञापन में अवगत करवाया कि ठाम विकास अधिकारी संवर्ग की पदोन्नितयां नहीं होने का मुख्य कारण उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर एस बी सिविल रिट याचिक संख्या 14955/2021 ग्यारसी लाल बनाम राज्य सरकार में विभाग की ओर से नियुक्त आईसी तथा याचिकाकर्ता की मिलीभगत से पंचायती राज पदोन्नित नियमों के विपरीत प्रस्तुत की गई। संगठन ने उक्त समस्त तथ्य विभाग के संज्ञान में लाने के बाद भी आज तक विभाग की ओर से ना तो उच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी की एवं ना ही नियम विरुद्ध, अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर प्रस्तुत की गई ।


### कार्यालय नगरपालिका, बोरावड़ जिला डीडवाना-कुचामन राज.

क्रमांक-न.पा.बो / विकास शाखा / 2024-25 / 439 दिनांकः- 11.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगरपालिका बोरावड़ के द्वारा नियमानुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 12.03.2025 को 11:00 PM बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2425A6454

UBN NO :

| | |
|---|---|
| DLB2425WSOB20463 | DLB2425WSOB20465 |
| DLB2425WSOB20467 | DLB2425WSOB20470 |
| DLB2425WSOB20471 | DLB2425WSOB20473 |
| DLB2425WSOB20476 | DLB2425WSOB20480 |
| DLB2425WSOB20482 | DLB2425WSOB20486 |
| DLB2425WSOB20492 | |

राज.संवाद / सी / 24 / 13399

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बोरावड़

### कार्यालय ग्राम पंचायत जालखेडा पंचायत समिति हुरड़ा

क्रमांक/ग्रापंजा/एसबीएम-जी/निविदा/2025/spl-1 दिनांक 17.3.25

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

ग्राम पंचायत जालखेड़ा का खेडा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) योजना एंव ग्रामीण विकास एंव पंचायती राज विभाग की योजनाओं में ग्राम पंचायत के समस्त गांवों में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सड़क एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों कि सफाई कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए श्रम कार्य एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर / जीएसटी विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माता (ओ), विक्रेता (ओ) आपूर्तिकर्ता (ओ) जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से ई- टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाए आमंत्रित की जाती है । निविदा की तिथियाँ, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर अवलोकन की जा सकती है।

NIB NO :-ZBL2425Al074
UBN No :- ZB424 25 WSOBO2668

सरपंच
ग्राम पंचायत जालखेड़ा, पं. सं. हुरडा (भीलवाडा)


## कलेक्ट्रेट में 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा

**अजमेर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य आयोजना अधिकारी रुद्रा रेणु ने 20 सूत्री कार्यक्रम की सम्बंधित विभागों की माह फ़रवरी 2025 की मासिक प्रगति से अवगत कराया। 20 सूत्री कार्यक्रम में राजीविका के सूत्र एसएचजी रिवॉल्विंग फण्ड व सीआईएफ, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सूत्र संस्थागत प्रसव एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति निगम के सूत्र में प्रगति आवण्टित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धि कम रही। शेष विभागों की प्रगति सन्तोषजनक रही। सम्बन्धित विभागों को आगामी वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ से ही आवंटित लक्ष्यों के विरुद्ध शत-प्रतिशत गुणात्मक एवं मात्रात्मक उपलब्धि अर्जित करने के लिए निर्देशित किया गया।

> ■ प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समिक्षा की

सभी सम्बंधित विभाग 20 सूत्री कार्यक्रम एवं फ्लैगशिप योजनाओं की मासिक प्रगति सूचनाएं प्रतिमाह एक तारीख तक जिला योजना प्रकोष्ठ को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएंगे।

साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष में प्रारंभ से ही राज्य सरकार से प्राप्त लक्ष्यानुरूप शत प्रतिशत मात्रात्मक व गुणात्मक उपलब्धि अर्जित किया जाना सुनिश्चित करावें।

विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रेषित की जाने वाली सूचनाएं जिला स्तर के विभागीय सक्षम अधिकारी से जांच एवं पुष्टि उपरांत हस्ताक्षरयुक्त मासिक प्रगति सूचना प्रत्येक माह की एक तारीख तक तथा त्रैमासिक प्रगति सूचना आवश्यक रूप से जिला योजना प्रकोष्ठ को प्रेषित करावें।

## अंधेरा रहने व गंदगी से व्यापारी परेशान

**अजमेर ।** गैर राजनीतिक संगठन श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ से संबंधित रेलवे स्टेशन के सामने स्थित बिमला मार्केट होल सेल दवा विक्रेताओं की ऐसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मूरजानी व उनकी कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई, जिसमें बिमला मार्केट में व्यापारियो द्वारा मार्केट में पानी भर जाने, गंदगी रहने और अंधेरे का आलम होने पर व्यापारियों की समस्या के समाधान पर विचार विमर्श हुआ। अजमेर व्यापारिक कमहासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मूरजानी और महासचिव रमेश लालवानी को व्यापारियो ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा अपने खर्चे पर टूटे मार्ग, विद्युत व्यवस्था सहित नाली के निर्माण के प्रयास किए जा रहे है। मूरजानी ने बताया कि व्यापारियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए महासंघ के पदाधिकारियों से मिलकर समाधान किया जाएगा।

## मानदेय बढ़ाने की मांग

अजमेर । वेतन समय पर देने और मानदेय बढ़ाने की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को नगर निगम में कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मांगे नहीं माने जाने पर साफ कार्य ठप करने की चेतावनी भी दी। नगर निगम परिसर में मंगलवार को अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने एकत्रित होकर मानदेय कम मिलने के विरोध में हड़ताल करते हुए नारेबाजी कर अपने रोष का इजहार किया। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों का कहना रहा कि उन्हें पर्याप्त वेतन नहीं मिल रहा जिससे उनके परिवार का गुजर-बसर करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा सफाई का ठेका जारी किया जाता है, जिसमें प्रत्येक श्रमिक को 9 हजार मासिक भुगतान का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार केवल 6 हजार ही श्रमिकों को देते हैं और बाकी राशि कहां जाती है, इसका कोई हिसाब नहीं है। श्रमिकों का कहना है कि इतने कम वेतन में घर चलाना और जरूरी सामान खरीदना बेहद मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि झाडू फावड़ा और अन्य सफाई के उपकरण भी खुद ही खरीदने पड़ते हैं, जिससे उनकी स्थिति और दयनीय हो जाती है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए श्रमिकों ने मांग की है कि उनका वेतन 18 हजार रुपए मासिक किया जाए । प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा। कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ रखते हैं, लेकिन उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे और सफाई कार्य पूरी तरह ठप कर देंगे। वहीं हड़ताल के चलते शहर के कुछ इलाकों में सफाई कार्य भी प्रभावित रहा।

> ■ सफई कर्मचारियों ने किया निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

## 8वां वेतनमान लागू करने की मांग

**अजमेर** (कासं)। एनएफआईआर के राष्ट्रव्यापी आ ान पर 17 से 21 मार्च तक विरोध सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ से जुड़े पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने कारखानों में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शनकर रोष जताया और केंद्र से सरकार से मांगे जल्द पूरी करने की मांग की है।


### कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डेगाना (नागौर)

कमांक : 2024-25 / 104 दिनांक : 18.3.2025

**खुली निविदा सूचना**

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डेगाना में वाटर डिस्पेन्सर विद आरओ के लिए रजिस्टर्ड व्यक्तियों / फर्मों / सेवा प्रदाताओं से खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है –

| क.सं | कार्य का नाम | संभावित व्यय (लाखों में) | बयाना निविदा | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथी व समय | निविदा शुल्क धरोहर राषि व निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथी व समय | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परीक्षण मेज | 5.70 | 11400 | 500 | 26.03.2025 05. 30 पीएम | 27.03.2025 10.30 एएम | 27.03.2025 005.30 पीएम |

NIB No.- MHS2425A3906 BID No. MHS2425GSOBO5542

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा प्राप्त करने व खोलने के समय में विषिष्ट परिस्थितियों में बदलाव किया जा सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षर का होगा। बिना धरोहर राषि निविदा प्रपत्र शुल्क व देरी से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा । निविदा का विस्तृत विवरण http://sppp/rajasthan-gov-in पोर्टल पर देखा जा सकता है ।

राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013, GF&AR के सभी नियम व शर्ते मान्य होगी। उपरोक्त राषि तथा आवष्यक मूल दस्तावेज निविदादाता द्वारा 27.03.2025 को 10.00 एएम तक बन्द लिफाफे में जमा करवाना आवष्यक है।

खण्ड मुख्य
चिकित्सा अधिकारी डेगाना (नागौर)

### कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डेगाना (नागौर)

कमांक : 2024-25 / 103 दिनांक : 18.3.2025

**खुली निविदा सूचना**

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डेगाना में वाटर डिस्पेन्सर विद आरओ के लिए रजिस्टर्ड व्यक्तियों / फर्मों / सेवा प्रदाताओं से खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है –

| क.सं | कार्य का नाम | संभावित व्यय (लाखों में) | बयाना निविदा | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथी व समय | निविदा शुल्क धरोहर राषि व निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथी व समय | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाटर डिस्पेन्सर विद आरओ | 6.00 | 12000 | 500 | 26.03.2025 05.00 पीएम | 27.03.2025 10.00 एएम | 27.03.2025 005.00 पीएम |

NIB No.- MHS2425A3909 BID No. MHS2425GSOBO5544

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा प्राप्त करने व खोलने के समय में विषिष्ट परिस्थितियों में बदलाव किया जा सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षर का होगा। बिना धरोहर राषि निविदा प्रपत्र शुल्क व देरी से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा । निविदा का विस्तृत विवरण http://sppp/rajasthan-gov-in पोर्टल पर देखा जा सकता है ।

राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013, GF&AR के सभी नियम व शर्ते मान्य होगी। उपरोक्त राषि तथा आवष्यक मूल दस्तावेज निविदादाता द्वारा 27.03.2025 को 10.00 एएम तक बन्द लिफाफे में जमा करवाना आवष्यक है।

खण्ड मुख्य
चिकित्सा अधिकारी डेगाना (नागौर)

### कार्यालय नगर परिषद केकडी-राजस्थान

Email ID-npkekri2011@gmail.com (0): 01467-220002, 220019 web site : www.tirhan.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक न.पा.के/2024-25/4797 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.3.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि श्रीमती कंचन देवी पत्नी ओमप्रकाश तेली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय से व्यवसायिक हेतु भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। किसी व्यक्ति/सज्जन या अन्य को कोई आपत्ति हो अन्दर मियाद 10 दिवस में कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी एंव कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी

| क्र.सं | आवेदक संस्था | खसरा नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर में | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कंचन देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश तेली | साबिक खसरा सं. 5280 हाल खसरा सं. 2871/8652 पट्टा नं. 31, 32, 33/2010-11 सावर रोड़ केकडी | आवासीय - 557.69 वर्गमीटर | भू उपयोग परिवर्तन व्यवसायिक प्रयोजनार्थ |

आयुक्त, नगर परिषद केकडी

### कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1716 दिनांक 18.3.25

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/26, धोलाभाटा, अजमेर सुश्री मीना रानी बनर्जी पुत्री स्व. श्री डी. एन. बनर्जी को आवंटित कर दिनांक 05.08.1985 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। सुश्री मीना रानी बनर्जी पुत्री स्व. श्री डी.एन. बनर्जी द्वारा दिनांक 10.02.2009 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। सुश्री मीना रानी बनर्जी पुत्री स्व. श्री डी.एन. बनर्जी द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 25.02.2009 को एक वसीयतनामा निष्पादित किया गया। वसीयतनामा के अनुसार उक्त आवास संख्या 3 / 26, धोलाभाटा, अजमेर का 3/4 हिस्सा अपनी भतीजी डॉ0 अरुणिमा बनर्जी पुत्री स्व. डा0 मुकुल कुमार बनर्जी तथा शेष 1/4 हिस्से का आधा हिस्सा अपने भतीजे सिद्धार्थ बनर्जी पुत्र स्व. डॉ0 मुकुल कुमार बनर्जी व आधा हिस्सा दूसरी भतीजी डॉ0 रूनू घोष पत्नि सुबीर घोष के दोनों पुत्रों क्रमशः निलॉय घोष एवं प्रोनॉय घोष के पक्ष मे निष्पादित किया गया। सुश्री मीना रानी बनर्जी की मृत्यु दिनांक 30.09.2018 को हो चुकी है। वसीयतनामा के आधार पर श्री सिद्धार्थ बनर्जी पुत्र स्व. डॉ0 श्री मुकुल कुमार बनर्जी द्वारा उक्त आवास में स्वयं के हिस्से की गिफ्ट डीड सुश्री अरुनीमा बनर्जी पुत्री स्व. डा0 मुकुल कुमार बनर्जी के पक्ष मे दिनांक 12.08.2024 को निष्पादित की गई। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 923 में पृष्ठ संख्या 191 क्रम संख्या 202403002109045 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3693 के पृष्ठ संख्या 144 से 154 पर दिनांक 12.08.2024 को चस्पा किया गया। श्री निलॉय घोष एवं श्री प्रोनॉय घोष पुत्रगण श्री सुबीर घोष द्वारा स्वयं के हिस्से की गिफ्ट डीड सुश्री अरुणिमा बनर्जी पुत्री स्व. डा0 मुकुल कुमार बनर्जी के पक्ष मे दिनांक 02.12.2024 को निष्पादित की गई। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 943 में पृष्ठ संख्या 48 क्रम संख्या 202403002112882 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3770 के पृष्ठ संख्या 198 से 209 पर दिनांक 02.12.2024 को चस्पा किया गया। अब सुश्री अरुणिमा बनर्जी पुत्री स्व. डॉ. मुकुल कुमार बनर्जी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। सुश्री अरुणिमा बनर्जी पुत्री स्व. डा0 मुकुल कुमार बनर्जी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी ।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड - अजमेर

### कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)

भीलवाडा राड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास
E-Mail ID-combebp@yahoo.in spbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक न.पा.गु/कृषि-भूमि/2025/2023-25 दिनांक : 18.3.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत् पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास / संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र.सं | रजिस्टर क्रमांक | दिनांक | नाम आवेदक | खसरा नं. | भूखण्ड सं. | साईज | क्षेत्रफल | इकररानामा/ रजिस्ट्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 116 | 15.4.24 | श्री महेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री कन्हैयालाल जैन | 81 | 21 | 25×40 | 111.11 | विक्रय इकरार नामा |

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका गुलाबपुरा


# हर्षोल्लास से मनाई रंगपंचमी

## बोहरा जी महाराज की बिंदोरी ढोल के साथ निकाली



अरांई में रंगों का त्यौहार रंगपंचमी हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई ।

**अरांई,**(निसं)। अरांई में रंगों का त्यौहार रंगपंचमी हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई । मंगलवार को प्रातः नो बजे से ही एक दूसरे के रंग गुलाल लगाने का सिलसिला शुरू हो गया वही बस स्टैंड से हर वर्ष की भांति बोहरा जी महाराज की बिंदोरी ढोल के साथ निकाली गई बिंदोरी कस्बे के सदर बाजार श्रीजी मोहल्ला कोठारी मोहल्ला सहित विभिन्न मार्गो से होती हुई पहुंची बोहरा जी महाराज के परंपरागत सवारी के आगे उत्साह युवक ढोल दम को की धुन पर नाचते कूदते एक दूसरे के गुलाल लगाकर मस्ती में झूमते नजर आए इस मौके पर बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ था। दुकानदारों ने प्रतिष्ठान बंद कर रंगों के त्यौहार का लुत्फ उठाया शांति व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी भोपाल सिंह सहित पुलिस कर्मी तैनात रहे इसके पश्चात अराई क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री कल्याण राय श्री जी महाराज के मंदिर परिसर में मंगलवार शाम को फुलडोल महोत्सव धूमधाम व धार्मिक कार्यक्रम के साथ से मनाया गया। रंग गुलाल खेलने के बाद महिला पुरुष व सभी ठाामीण श्री जी महाराज के मंदिर दर्शन करने पहुंचे इस अवसर पर भगवान की प्रतिमा को आकर्षक सजाया गया। इस अवसर पर पंडित महेश दत्त गिरधर गोपाल शर्मा ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

